# डिफेंस कॉरिडोर में सड़कों के लिए राशि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कारीडोर झांसी नोड की आंतरिक सड़कों के निर्माण के लिए 61.27 करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने का आदेश रविवार को दिया है। वहीं मेगा सेक्टर की तीन इकाइयों को लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने का आदेश दिया।

डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कारीडोर झांसी नोड के लिए क्रय की गई भूमि पर काटे गए प्लाटों पर पहुंचने के लिए नोड की आंतरिक सड़कों के निर्माण एवं आंतरिक जलनिकासी के लिए सड़क के दोनों ओर अथवा एक किनारे पर पक्की नाली का प्राविधान किया जाना जरूरी है।